५८

# बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग
### सकारण आदेश

सकारण आदेश संख्या–14/अ0प्र0–14–305/2025 3149 /पटना, दिनांक– 12-3-26

संवेदक M/S Jai Mata Dee Construction (Reg No. 1336/14) Add:- At-Shivpuri, Ward No. 09, Dist-Araria Pincode-854311 को कार्य प्रमंडल, अररिया के अधीन PMGSY योजनान्तर्गत Thapkol to Karahbana (Package No. BR01R-188) पुल का निर्माण कार्य एवं पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य आवंटित किया गया। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि 27.01.2015 था। संदर्भित पुल की कार्य समाप्ति की वास्तविक तिथिः–06.03.2025 है।

उक्त पुल में निर्धारित अवधि व्यतीत हो जाने के बाद भी संवेदक द्वारा उक्त पथ का पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य पूर्ण नहीं किया गया। कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, अररिया द्वारा उक्त पुल का पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य पूर्ण करने हेतु कई बार नोटिस दिया गया परन्तु संवेदक द्वारा पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य पूर्ण करने में कोई अभिरूचि नहीं ली गई।

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, अररिया के पत्रांक 3352 अनु0 दिनांक 16.09.2025 द्वारा एकरारनामा संख्याः– 29SBD/2014-15 को विखंडित करते हुए संवेदक के निबंधन को विभागीय कालीसूची में सम्मिलित करने हेतु अनुशंसा उपलब्ध कराया गया।

उक्त अनुशसां के आलोक में विभागीय पत्रांक 11455 अनु0 दिनांक 12.11.2025, पत्रांक 12293 दिनांक 08.12.2025 एवं पत्रांक 335 दिनांक 09.01.2026 द्वारा स्पष्टीकरण समर्पित किये जाने हेतु निदेशित किया गया। निर्धारित अवधि के समाप्त हो जाने के बाद भी संवेदक द्वारा स्पष्टीकरण उपलब्ध नहीं कराया गया। इससे स्पष्ट होता है, कि संवेदक को अपने पक्ष में कुछ नहीं कहना है।

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में विभागीय समीक्षोपरान्त बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) की अधिसूचना संख्या–8123 दिनांक 19.12.2007 की कंडिका 11(क) (vi) एवं 11 (ख) (ii) के आलोक में संवेदक M/S Jai Mata Dee Construction (Reg No. 1336/14) Add:- At-Shivpuri, Ward No. 09, Dist-Araria Pincode-854311 के निबंधन संख्याः–1336/14, PAN No. AAEFJ2719B को अगले 04 (चार) वर्षो के लिए कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

09.03.2026
(जय किशोर ठाकुर)
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–305/2025 3149 /पटना, दिनांक– 12-3-26

निबंधित

प्रतिलिपि– संवेदक M/S Jai Mata Dee Construction (Reg No. 1336/14) Add:- At-Shivpuri, Ward No. 09, Dist-Araria Pincode-854311 को सूचनार्थ प्रेषित।

09.03.2026
अभियंता प्रमुख

कृ0पृ0उ0

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–305/2025 3149 /पटना, दिनांक– 12·3·26

प्रतिलिपि–प्रधान सचिव/सचिव/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/जल संसाधान विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/ नगर विकास विभाग/उर्जा विभाग/कृषि विभाग, बिहार, पटना/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना/ सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियता/सभी कार्यपालक अभियंता/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

09·03·2026

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–305/2025 3149 /पटना, दिनांक– 12·3·26

प्रतिलिपि– सचिव के प्रधान आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

09·03·2026

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–305/2025 3149 /पटना, दिनांक– 12·3·26

प्रतिलिपि– नोडल पदाधिकारी, निबंधन, ग्रामीण कार्य विभाग/प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–14 एवं प्रशाखा में कार्यरत सभी सहायक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

09·03·2026

अभियंता प्रमुख